# जनगणना-2027 के लिए 'स्व-गणना' को बढ़ावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य, परिवहन और आईटी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के दिल्ली के विकास पुरी स्थित कैंप ऑफिस में आज स्व-गणना प्रक्रिया के शुभारंभ और इसके प्रति जन-जागरूकता फैलाने के लिए बैठक आयोजित की गई।

यह पहल श्जनगणना 2027श अभ्यास का एक हिस्सा है, जो जनगणना के लिए 'डिजिटल-फर्स्ट' और 'नागरिक-केंद्रित' दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है।इस दौरान एसडीएम रजत मेहरोत्रा, प्रभारी अधिकारी एस.पी. माली, फील्ड ट्रेनर वीरेंद्र खरब और सुनील सैनी, सुपरवाइजर हवा सिंह के साथ गणनाकर्मी पूनम भी उपस्थित रही। अधिकारियों ने जनगणना के लिए जमीनी स्तर पर सुचारु रूप से कार्यान्वयन, जन-जागरूकता और प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की।

यह प्रक्रिया अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया गया, जो अधिकारियों और फील्ड टीमों के बीच मजबूत समन्वय को दर्शाता है। स्व-गणना प्रक्रिया सभी नागरिकों को सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से अपने पूरे परिवार की जानकारी स्वयं प्रस्तुत करने में सक्षम बनाती है, जिससे डेटा संग्रह में अधिक सटीकता और समावेशिता सुनिश्चित होती है।

दिल्ली सरकार भी सभी नागरिकों को स्व-गणना की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, क्योंकि सरकार का मानना है कि सटीक डेटा ही प्रभावी नीति-निर्माण की नींव होता है और यह सुनिश्चित करता है कि विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचें, जिससे एक विकसित दिल्ली और मजबूत भारत के निर्माण में योगदान मिल सके।

## सरकारी स्कूल के छात्रों को कोर्स नहीं मिलने पर शिक्षा सचिव को नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सरकारी स्कूल के 10 लाख छात्रों को अभी तक किताबें नहीं मिलने पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है। यह अवमानना नोटिस सरकारी स्कूलों के करीब 10 लाख छात्रों को पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध ना कराए जाने पर जारी किया है। दिल्ली हाईकोर्ट की एकलपीठ न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ सोशल ज्यूरिस्ट की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में आरोप लगाया गया कि कोर्ट के पिछले आदेशों और सचिव द्वारा दिए गए स्पष्ट वादों के बावजूद दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले लगभग 10 लाख छात्रों को नई शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू होने के एक महीने बाद भी पाठ्यपुस्तकें और नोटबुक नहीं पहुंचाई गई हैं।

अधिवक्ता अशोक अग्रवाल और कुमार उत्कर्ष ने याचिका में तर्क दिया कि कोर्ट के आदेशों की जानबूझकर अवहेलना की जा रही है, जिससे बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकारी स्टैंडिंग काउंसल से सवाल किया और गंभीर लाप. रवाही पर नाराजगी जताई। स्टैंडिंग काउंसल ने कोर्ट को बताया कि किताबें ग्रीष्म अवकाश शुरू होने से पहले सभी छात्रों को वितरित कर दी जाएंगी। कोर्ट ने इस सबमिशन को बाध्यकारी मानते हुए नोटिस जारी किया और जवाबदेह पक्षकारों को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

# तेज रफ्तार वाहन ने सड़क पार कर रही शिक्षिका को टक्कर मारी, हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार ईस्ट इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने सड़क पार कर रही एक युवती को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। महिला को सड़क पर खून से लथपथ पड़ी देखकर नजदीक मौजूद निजी अस्पताल के स्टाफ ने अस्पताल में भर्ती किया। जहां मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले की सूचना के बाद पहुंची पश्चिम विहार ईस्ट थाना पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आरोपी वाहन चालक की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतका 29 वर्षीय सीमा अपने परिवार के साथ स्वर्ण पार्क, मुंढका इलाके में रहती थी। परिवार में पति प्रफुल्ल झा और सात और दो वर्षीय बेटी शामिल है। सीमा दिल्ली सरकार के स्कूल में गेस्ट टीचर थी और 25 मार्च को ही उनकी नियुक्ति हुई थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 अप्रैल की सुबह सीमा अपने घर से पश्चिम विहार स्थित स्कूल जाने के लिए निकली थी। करीब 8 बजे पश्चिम विहार ईस्ट मैट्रो से पहले बस स्टैंड के पास वह सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सीमा हवा में उड़कर दूर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल के स्टाफ ने पहुंचाया अस्पताल

इसी दौरान वहां मौजूद श्रीबालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट के स्टाफ की शिफ्ट बदली थी। जिसके चलते अस्पताल का स्टाफ अपने घर जाने के लिए निकला था। अस्पताल के कर्मचारियों ने सीमा को सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ा देखा और अस्पताल में भर्ती किया। अस्पताल से ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई। 29 अप्रैल की देर रात सीमा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## मध्य व पूर्वोत्तर भारत को कपड़े के माध्यम से जोड़ने की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दो अलग-अलग शिल्प परंपराओं, मध्य प्रदेश के चंदेरी और पूर्वोत्तर भारत के एरी सिल्क के अभिसरण से पैदा हुए एक नए वस्त्र पद्मा डोरी का आज औपचारिक रूप से अनावरण किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय के तहत पूर्वोत्तर हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम (एनईएचएचडीसी) द्वारा परिकल्पित, पद्मा डोरी की कल्पना एक पारंपरिक ब्रांड के रूप में नहीं बल्कि एक मंच के रूप में की गई थी, जो फाइबर, शिल्प और डिजाइन को साझा बातचीत में लाता है। इस पहल में पता लगाया गया कि क्षेत्रों, सामग्रियों और निर्माताओं में सहयोग के माध्यम से पारंपरिक कपड़ा प्रथाएं कैसे विकसित हो सकती हैं, जिसमें कारीगर शुरू से ही इस प्रक्रिया और स्थिरता के केंद्र में बने हुए हैं।

दिन की शुरुआत क्यूरेटेड प्रदर्शनी वॉकथ्रु और मीडिया इंटरैक्शन के साथ हुई, जो सामग्री, इसके विकास और इसके पीछे की सहयोगी प्रक्रियाओं पर करीब से नजर डालती है। भारतीय वस्त्र, नवाच. ार और स्वदेशी विलासिता पर एक व्यापक संवाद के दौरान पद्मा डोरी स्थित परियोजना के प्रमुखों और संबंधित लोगों द्वारा मुख्य सम्बोधित किया गया।

## सीएम ने श्रमिकों को समर्पित किया सुरक्षा का उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर धीरपुर स्थित संत निरंक. ारी मंडल में आयोजित श्रमिक सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं।

यह कार्यक्रम न केवल श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर था, बल्कि उनके जीवन को सुरक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदमों की घोषणा का भी मंच बना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला श्रमिकों के साथ सीधा संवाद कर उनके जमीनी अनुभवों और चुनौतियों को जाना। कार्यक्रम में दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा, वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधि और हजारों की संख्या में निर्माण श्रमिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली का हर विकास कार्य श्रमिकों के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। श्रमिक केवल श्रम नहीं करते, बल्कि देश और समाज की प्रगति की नींव रखते हैं। सरकार की जिम्मेदारी केवल श्रमिकों के काम का उपयोग करना नहीं, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना, उन्हें सुरक्षा देना और उनके परिवारों को अवसर प्रदान करना भी है।



**स्वास्थ्य, परिवहन व आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह विकास पुरी स्थित कैंप ऑफिस में स्व-गणना प्रक्रिया के शुभारंभ व इसके प्रति जन-जागरूकता फैलाने को लेकर बैठक करते हुए।**

## एक नजर

### मोटापा दूर करने को वेट लॉस क्लिनिक शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** मोटापे का गहरा संबंध टाइप 2 डायबिटीज, फैटी लिवर डिजीज और हृदय रोगों जैसी स्थितियों से है। वजन प्रबंधन पृष्ठभूमि में, नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम ने एक बहु-विषयक वेट लॉस क्लिनिक को कार्यान्वित किया है, जहां चिकित्सकीय, पोषण संबंधी, व्यवहारिक और प्रक्रियात्मक उपचार एक ही क्लिनिकल पाथवे के तहत उपलब्ध कराए जाते हैं। यह क्लिनिक डॉ. सुकृत सिंह सेठी, डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है और इसमें गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, क्लिनिकल न्यूट्रिशन, साइकोलॉजी और बैरिएट्रिक सर्जरी की सेवाएं एकीकृत रूप से शामिल हैं। डॉ. सेठी ने कहा, "मोटापे में मेटाबॉलिज्म, हार्मोन, गट फिजियोलॉजी और व्यवहार के बीच जटिल अंत:क्रियाएं शामिल होती हैं। इसका प्रभावी प्रबंधन अल्पकालिक या अलग-थलग उपायों के बजाय संरचित मूल्यांकन, उचित चिकित्सकीय हस्तक्षेप और निरंतर फॉलो-अप की मांग करता है।

### मजदूर दिवस पर पेट्रोल पंप से कर्मचारियों को हटाया



**नई दिल्ली।** एक मई को जहां सभी मजदूर दिवस मना रहे थे। वहीं मोती नगर इलाके में स्थित पेट्रोल पंप केकर्मचारियों को निकाला जा रहा था। उनका कसूर बस इतना था कि उनके ठेकेदार की कार्य अवधि पूरी हो चुकी थी। अब नया ठेकेदार उनको हटाकर अपनी नई टीम ला रहा है। ऐसे में वर्तमान कर्मचारियों का कहना था कि उनको एक झटके में नौकरी से निकाला जा रहा है। उनका ठेकेदार भी इस बारे में कोई बात करने को राजी नहीं हैं। हमको एक ही झटके में सडक पर ला दिया है। अब परिवार का पालन पोषण कैसे होगा संकट साफतौर पर सामने आ गया है। हमने नये ठेकेदार से आग्रह किया है कि वो हमको अपनी टीम के शामिल कर लें। जिससे पैट्रोल पंप का काम भी नहीं रूके। लेकिन ठेकेदार नये कर्मचारियों को लाने पर अड़ा हुआ है। अब उनके सामने पुलिस,लेबर कोर्ट और हाईकोर्ट जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है।

### आठवां वेतन लागू किए जाने की मांग



**नई दिल्ली।** मजदूर दिवस के अवसर पर रेलवे कर्मचारियों के संगठन नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन की ओर से में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन यूनियन ऑफिस में किया गया, जहां एनएफआईआर के महासचिव डॉ. एम. रघुवैया ने रेलवे के सभी कर्मचारियों को मजदूर दिवस की बधाई देते हुए कहा कि रेल कर्मचारी पूरे निष्ठा और मेहनत लगन के साथ पूरी रेलवे की सेवा करते हैं लेकिन इसके बावजूद उनको जो पारिश्रमिक मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है । इस मौके पर एनएफआईआर के कार्यकारी अध्यक्ष व यूआरएमयू के महामंत्री बीसी शर्मा तथा यूआरएमयू के अध्यक्ष और प्रेस सचिव सोमनाथ मलिक भी मौजूद थे । बीसी शर्मा ने बताया कि पहले रेलवे में 17 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत थे जो अब घटकर सिर्फ 12:30 लाख रह गए हैं जबकि इस दौरान रेलवे ट्रैक में भारी विस्तार हुआ है और ट्रेनों की संख्या भी बढ़ी है । उन्होंने कहा कि हमारी फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि आठवां वेतन आयोग को जल्दी से जल्दी लागू किया जाए और न्यूनतम वेतन को बढ़ाया जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर श्रमवीर उत्सव का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पूर्वी दिल्ली के कड़कड़डूमा स्थित ईस्ट दिल्ली हब में आयोजित 'श्रमवीर उत्सव 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरविंद (महानिदेशक, वी.वी. गिरी राष्ट्रीय श्रम संस्थान) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में शाहदरा डिस्ट्रिक पुलिस उपायुक्त आर.पी. मीणा ने शिरकत की। यह कार्यक्रम अमावस्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें एनबीसीसी और एनसीसी का सहयोग रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों और उनके बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा समाज में उनके योगदान को सम्मान देना था। इस अवसर पर एनबीसीसी के जनरल मैनेजर अनुराग सिंघल, वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार राजीव निशाना भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए श्रमिकों के उत्थान के लिए ऐसे आयोजनों को अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. अरविंद ने अपने संबोधन में श्रमिकों को देश की विकास धुरी बताते हुए कहा कि "मजदूरों के परिश्रम से ही राष्ट्र निर्माण संभव है।" वहीं डीसीपी आर.पी. मीणा ने श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा और संस्कार के महत्व पर जोर देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# भारत में बढ़ रही घुटनों की तकलीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** भारत में 60 वर्ष की आयु के बाद घुटनों का दर्द तेजी से बढ़ रहा है। इसके पीछे निष्क्रिय जीवनशैली, बढ़ता वजन और उम्र से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख कारण हैं। डॉक्टरों के अनुसार, यह समस्या अब युवाओं में भी दिखाई देने लगी है। डॉ. एन.के. अग्रवाल कहते हैं कि जहाँ जरूरत हो, वे आज भी सर्जरी करते हैं, लेकिन अब यह उनका पहला नहीं, बल्कि अंतिम विकल्प है। "उम्र को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उसका असर घुटनों पर कम किया जा सकता है। जितना जल्दी इलाज शुरू किया जाए, अपने प्राकृतिक घुटनों को बचाने की संभावना उतनी ही अधिक होती है। डॉ. अग्रवाल के अनुसार, सैकड़ों मरीज अब तक इस उपचार से गुजर चुके हैं, जिसे वे 'लुधियाना प्रोटोकॉल' कहते हैं। इसमें घुटने के जोड़ की सफाई, उसमें चिकनाई डालना, मरीज के अपने खून से तैयार विशेष इंजेक्शन देना और शरीर में सूजन कम करने के उपाय शामिल हैं।



**दिल्ली में जल संरक्षण को बढ़ावा देने को लेकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का शुभारंभ करते दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता व मंत्री कपिल मिश्रा।**

# श्रमिक दिवस पर 'नेमभारत' सेवा की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**नई दिल्ली।** वर्ल्ड इकोनॉमिक मोबिलिटी कल अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर दिल्ली-एनसीआर में अपने प्रमुख प्लेटफॉर्म 'नेमभारत' को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसे देश के पहले बड़े पैमाने के जीरो सब्सक्रिप्शन और जीरो कमीशन मोबिलिटी प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जा रहा है। कंपनी ने इस लॉन्च के लिए जानबूझकर 1 मई यानी श्रमिक दिवस का चयन किया है ताकि ड्राइवर कल्याण को अपने व्यावसायिक मॉडल के केंद्र में रखने के संकल्प को दोहराया जा सके। अभिजीत सिन्हा, प्रोग्राम डायरेक्टर, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अनुसार भारत की तेजी से बढ़ती गिग इकोनॉमी और साल 2029 तक इसके 2.3 करोड़ से अधिक होने के अनुमानों के बीच नेमभारत ने खुद को एक पारदर्शी और भरोसेमंद विकल्प के रूप में पेश किया है। कंपनी की मुख्य परिचालन अधिकारी कांची शर्मा के अनुसार नेमभारत का उद्देश्य केवल एक नई सेवा शुरू करना नहीं बल्कि यह साबित करना है कि ड्राइवरों के लिए एक निष्पक्ष प्रणाली ही यात्रियों के लिए बेहतर अनुभव की नींव रखती है।

## 8 विकेट से फाइनल जीत, पीजीडीएवी बना टी20 चैंपियन

**नई दिल्ली।** पीजीडीएवी कॉलेज ने तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज टी20 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में पीजीडीएवी कॉलेज ने पीजीडीएवी येल्लो टीम को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीजीडीएवी येल्लो टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 192 रन बनाए। ध्रुव नारंग ने 102 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि नैतिक यादव ने 58 रन जोड़े। गेंदबाजी में प्रणित ने 4 विकेट और वैभव पांडे ने 2 विकेट लेकर टीम को संभाला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीजीडीएवी कॉलेज टीम ने आक्रामक शुरुआत की।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1 मई 2026 को रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

इस पहल की शुरुआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और जल मंत्री परवेश वर्मा के नेतृत्व में पूरे दिल्ली में की गई इसी क्रम में रोहतास नगर विधानसभा क्षेत्र के लोनी रोड इलाके में स्थानीय विधायक जितेंद्र महाजन ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें स्थानीय जनप्रति. निधियों और अधिकारियों की भागीदारी रही। दिल्ली विधानसभा के स्पीकर विजेंद्र गुप्ता और दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर नेताओं ने जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे में वर्षा के पानी का संरक्षण बेहद आवश्यक है। यदि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाते हैं, तो दिल्ली के भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो सकता है।

## अमेजन प्राइम डे की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजन ने घोषणा की कि प्राइम डे जुलाई 2026 में भारत में आयोजित किया जाएगा। प्राइम सदस्य इस दसवें प्राइम डे में शानदार डील्स, बचत, नए लॉन्च, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और बहुत कुछ का आनंद ले सकेंगे।

इस साल का इवेंट और भी खास होगा, जिसमें लोकप्रिय ब्रांड्स, ट्रेंडिंग प्रोडक्ट्स और नए लॉन्च पर आकर्षक ऑफर मिलेंगे। प्राइम सदस्य इलेक्ट्रॉनिक्स, किचन, ब्यूटी, फैशन, ताजा ग्रोसरी और रोजमर्रा की जरूरी चीजों समेत कई कैटेगरी में बेहतरीन ऑफर्स का फायदा उठा सकेंगे।

# दिलशाद कालोनी में पानी की किल्लत से जनता बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिलशाद कॉलोनी के ए बी डी एवं ई- ब्लॉक, जो दिलशाद गार्डन के समीप स्थित हैं, में लगभग 350 फ्लैट एवं करीब 15,000 की आबादी निवास करती है। पिछले लगभग एक वर्ष से इस क्षेत्र में जल आपूर्ति की मात्रा को कम कर दिया गया है ओर नलों में सीवर जैसा काला, बदबूदार और झागदार गंदा दूषित पानी भी आता है जिसके कारण कालोनी वासियों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है और पेट के संक्रमण ओर पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। कई लोगों को बार-बार पेट के संक्रमण और संबंधी बीमारियां हो रही हैं। इस समस्या के समाधान हेतु स्थानीय निवासियों द्वारा कई बार दिल्ली जल बोर्ड से शिकायत की गई, किंतु अब तक कोई ठोस एवं संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय जनप्रति. निधियों से संपर्क करने पर भी कोई प्रभावी समाधान नहीं मिलता वे केवल आश्वासन देते है समस्या का स्थायी समाधान जस का तस है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# श्रमिकों की आवाज बनीं डीएम कविता मीना

## डीएम ने मजदूरों से सीधे संवाद कर सुनी उनकी समस्याएं, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूपी सीडा के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में जिलाधिकारी कविता मीना ने पहुंचकर मजदूरों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान मजदूरों ने वेतन, सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और कार्यस्थल की परिस्थितियों से जुड़ी कई समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखीं, जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

संगोष्ठी के दौरान जिलाधिक.ारी कविता मीना ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना औद्योगिक विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा और प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रमिकों से जुड़े मामलों में लाप.रवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का यह दायित्व है कि मजदूरों को सुरक्षित कार्यस्थल, समय पर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक वातावरण



उपलब्ध कराया जाए। यदि किसी भी मजदूर को कहीं भी शोषण या समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह नि:संकोच प्रशासन से संपर्क करे, उसकी समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि हापुड़ का इंडस्ट्रियल एरिया एक आदर्श मॉडल बने, जहां उद्योग और श्रमिक दोनों का संतुलित विकास हो। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा सहित श्रम विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। संगोष्ठी के बाद जिला.धिकारी ने कुछ मजदूरों से अलग से बातचीत कर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक बाइक पर 6 युवक, स्टंट पड़ा भारी तीन गिरफ्तार, बाइक सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खतरनाक स्टंट की वीडियो का पुलिस ने सख्ती से संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। एक ही मोटरसाइकिल पर छह युवकों द्वारा स्टंट कर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने के मामले में पुलिस ने तीन आरो.पियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि प्रयुक्त मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया गया।

थाना प्रभारी के अनुसार वायरल वीडियो में छह युवक एक ही बाइक पर सवार होकर सड़कों पर खतरनाक स्टंट करते नजर आ रहे थे, जिससे न केवल उनकी जान खतरे में थी बल्कि आम राहगीरों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान की और उन्हें बड़ा बाजार क्षेत्र से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हनी पुत्र होमराज, शशांक पुत्र संजय सिंह, राम पुत्र रोशन सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से स्टंट में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को बरामद कर सीज कर दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि इस तरह के खतरनाक स्टंट न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि गंभीर हादसों को भी न्योता देते हैं। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जी.एस. यूनिवर्सिटी में महिला सशक्तिकरण की भरी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जी.एस. विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने छात्राओं और महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महिलाओं की भूमिका और अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उन्होंने महिला आरक्षण, परिस.ीमन और वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य को लेकर खुलकर अपने विचार रखे, जिससे उपस्थित छात्राओं में जागरूकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।



कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष का स्वागत मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज शिशोदिया, उप निदेशक अंकित विज और एस.एन. सिंह ने किया। इसके बाद आयोजित संवाद कार्यक्रम में कविता माधरे ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाए बिना देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिसीमन की प्रक्रिया आवश्यक है,

जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्गठन हो सके और आरक्षण लागू किया जा सके। इसी संदर्भ में उन्होंने हाल ही में संसद में प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिला आरक्षण को शीघ्र लागू करने के लिए आवश्यक संवैधानिक और प्रक्रियात्मक व्यवस्था को आगे बढ़ाना था, लेकिन यह विधेयक आवश्यक विशेष बहुमत प्राप्त नहीं कर सका। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर समर्थन नहीं दिया, जिससे महिलाओं को उनका अधिकार मिलने में देरी हो रही है। कविता माधरे ने अपने संबोधन में कहा, महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जिसे धरातल पर उतारना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं से आहवान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझें और सक्रिय रूप से समाज व राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाएं। आज की छात्राएं ही कल की नीति-निर्माता हैं, इसलिए जरूरी है कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामा.जिक और राजनीतिक जागरूकता भी विकसित करें। इस अवसर पर अमित टांक, सुमन गर्ग, सोनिया भारती, सीमा जौहर, रजनी और नरेश भारती सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जीएस यूनिवर्सिटी में उत्साह से मनाया श्रमिक दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस उत्साह, सम्मान और कृतज्ञता के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत श्रमिकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके योगदान को सराहा गया और सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के प्रति आभार और सम्मान का माहौल बना रहा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गंगा शरण शर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र और संस्था की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माण कार्य की नींव से लेकर उसके पूर्ण होने तक और फिर उसके सुचारु संचालन तक, हर स्तर पर श्रमिकों का योगदान आधारशिला के समान होता है। उनके बिना विकास की कल्पना करना संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा, श्रमिक अपने कठिन परिश्रम, समर्पण और त्याग के माध्यम से समाज को सुविधा और संरचना प्रदान करते हैं। हमें उनके योगदान को न केवल स्वीकार करना चाहिए, बल्कि उन्हें सम्मान और बेहतर सुविधाएं भी प्रदान करनी चाहिए। इस दौरान विश्व.विद्यालय के सभी विभागों के श्रमिकों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में चीफ विजिलेंस ऑफिसर मनोज शिशोदिया और उपनिदेशक एस.एन. सिंह ने भी श्रमिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही किसी भी संस्था की वास्तविक ताकत होती है। पूरे आयोजन ने श्रमिकों के प्रति सम्मान और संवे.दनशीलता का संदेश देते हुए सभी को उनके योगदान को याद करने का अवसर प्रदान किया।

## आस्था और सेवा का संगम, बुद्ध पूर्णिमा पर शहर में निकली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुक्रवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। गढ़ रोड स्थित दरोगा वाली गली से शुरू हुई यह शोभायात्रा मीनाक्षी रोड तक पहुंची, जहां रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह पर लोगों ने प्याऊ लगाकर यात्रा में शामिल लोगों को पानी पिलाया और सेवा भाव का परिचय दिया। शोभायात्रा के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए और भगवान गौतम बुद्ध का आशीर्वाद लिया। उनके साथ शहर अध्यक्ष इरफान अहमद सहित पार्टी के कई पदा.धिकारी भी मौजूद रहे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर राकेश त्यागी ने कहा, बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह हमें जीवन के मूल्यों को समझने और अपनाने का अवसर देता है। भगवान गौतम बुद्ध ने जिस करुणा, अहिंसा और सत्य का मार्ग दिखाया, वह आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने आगे कहा यह पर्व हमें याद दिलाता है कि बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण तीनों ही घटनाएं इसी दिन हुई थीं, जो इसे और भी विशेष बनाता है। वहीं, अरविंद शर्मा ने भी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी धर्मों के लोगों को एकता और सद्भाव का संदेश देता है। इस दौरान पीसीसी सदस्य नरेश भाटी, जिला महासचिव गौरव गर्ग, शहर उपाध्यक्ष एजाज अहमद, शहर उपाध्यक्ष खुशनूद अली सहित कई कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोभायात्रा ने शहर में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जिसे लोगों ने पूरे मन से सराहा।



## सीएम योगी से मिले विधायक हरेंद्र तेवतिया, विकास मुद्दों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। मुलाकात के दौरान विधायक तेवतिया ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया और कुछ लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने स्थानीय जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों सड़क, जल निक.ासी, स्वास्थ्य सुविधाएं और कानून-व्यवस्था पर भी विस्तार से



चर्चा की। विधायक हरेंद्र तेवतिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विधायक को आश्वस्त किया कि गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी प्रकार की लाप.रवाही नहीं होने दी जाएगी। इस मुलाकात को क्षेत्रीय विकास के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधायक ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद विकास कार्यों में तेजी आएगी और जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### एक नजर

## कंपनियों का कराडों का इलेक्ट्रानिक सामान चोर बाजारा में खपाया



eFkjkA थाना रिफाइनरी पुलिस ने अंतरराज्यीय ट्रक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किया गया ट्रक, करीब 90 लाख रुपये कीमत के लैपटॉप, टैबलेट व मोबाइल फोन सहित 80 हजार रुपये नगद भी बरामद किए हैं। 30 अप्रैल को थाना रिफाइनरी पर ट्रक एचआर 55 एक्यू 0672 के चोरी हो जाने के सम्बन्ध में धारा 303(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था मुकदमा की विवेचनात्मक के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फैक्ट्री एरिया के पास एक बाड़े में चोरी का ट्रक छिपाया गया है और कुछ लोग उसमें मौजूद हैं। स्थान की पुलिस टीम ने घेराबंदी की व मौके से ट्रक को बरामद किया। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, बरामद ट्रक के अंदर से चुराए गए लाखों के लैपटॉप, टैबलेट, कीमती मोबाईल (कीमत करीब 90 लाख) व अभियुक्तगण से कुल 80 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में अभियुक्त नासिर ने बताया कि वह ट्रक का ड्राइवर है उसके अन्य साथी यह जानकारी करते है कि फ्लिपकार्ट के वेयरहाउस आसपास किस जगह पर है जिसके बाद नासिर को किसी माध्यम से उक्त वेयरहाउस से सामान लाने व ले जाने के लिए लगे ट्रक मालिक से संपर्क कर ड्राइवर की नौकरी ले ली जाती है जिसके बाद उक्त लोग मिलकर गुरुग्राम से कलकत्ता फ्लिपकार्ट वेयरहाउस के लिए जाते है जहाँ से ये लोग इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम को लोड करते है व ट्रक मे कैसा माल लोड किया गया है इसकी जानकारी उनको पहले से रहती है जिसके बाद रास्ते में ट्रक को रोककर अभियुक्त मोहब्बत के द्वारा ग्राइंडर की मदद से सील को काटकर हर एक बैग में से एक एक आईटम अपनी अन्य साथियों की मदद से चोरी कर लिया जाता है व ट्रक को साथ लेकर गए सील से यथास्थिति कर दिया जाता है ताकि माल उतरते वक्त वेयरहाउस पर किसी को शक न हो जिसके बाद ट्रक को वेयरहाउस मे ले जाया जाता है जहाँ पर माल उतार दिया जाता है। पकडे गए लोगों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा पूर्व में हजारो की संख्या में मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम को दिल्ली व आगरा के मार्केट में बेचकर लाभ कमाया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सहयक पुलिस अधीक्षकः थाना प्रभारी रिफाइनरी जयविन्द कुमार गुप्ता उप निरीक्षक विक्रांत तौमर,उप निरीक्षक रोहित उज्वल,उप निरीक्षक दीपक नागर आदि शामिल रहे।

## थाना जैत प्रभारी को दी गई भावभीनी विदाई, कार्यकाल और कायाकल्प को किया गया याद

pkegkA थाना जैत परिसर में प्रभारी निरीक्षक उमेश चन्द त्रिपाठी के स्थानांतरण पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों और पुलिस स्टाफ ने प्रभारी निरीक्षक को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। समारोह में वक्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद त्रिपाठी के कार्यकाल के दौरान थाना जैत में किए गए अभूतपूर्व सुधारों और बुनियादी ढांचे के कायाकल्प की विशेष रूप से प्रशंसा की। उनके प्रयासों से थाने के स्वरूप में जो सकारात्मक बदलाव आए हैं, उन्हें एक मिसाल के तौर पर याद किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा, बल्कि आम जनता के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित किया। अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना उनकी कार्यशैली की मुख्य विशेषता रही।

## स्कूलों के बाहर पुलिस का कड़ा अभियान, उपनिरीक्षक का सख्त रुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में उपनिरीक्षक निशु मलिक ने कमान संभालते हुए कमला अग्रवाल गर्ल्स स्कूल, गर्ल्स लाइब्रेरी समेत विभिन्न बालिका विद्यालयों के बाहर अचानक चेकिंग अभियान चलाया। उनके इस एक्शन से स्कूलों के आसपास बेवजह मंडराने वाले युवकों में हड़कंप मच गया और इलाके में सुरक्षा का माहौल मजबूत होता नजर आया। अभियान के दौरान उपनिरीक्षक निशु मलिक खुद मौके पर मौजूद रहीं और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी। स्कूल और लाइब्रेरी के आसपास खड़े युवकों से सख्ती के साथ पूछताछ की गई। उपनिरीक्षक निशु मलिक की कार्यशैली में सख्ती और सतर्कता साफ झलकी। उन्होंने मौके पर ही पुलिस टीम को निर्देश दिए कि स्कूलों के आसपास अनावश्यक रूप से खड़े रहने वालों पर नजर रखी जाए और जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि छात्राओं की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के आसपास सुरक्षित वातावरण बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्राओं को बिना किसी भय के शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। यदि कोई भी व्यक्ति इस माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मेडिकल मार्केट की गैलरी बनी विवाद की जड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर की प्रमुख जवाहरगंज मेडिकल मार्केट इन दिनों एक वायरल वीडियो के चलते चर्चा में है। वीडियो में मार्केट की एक गैलरी को लेकर विवाद की स्थिति साफ नजर आ रही है, जिसके बाद व्यापारियों के बीच तनातनी का माहौल बन गया है। मामला धीरे-धीरे तूल पकड़ता जा रहा है और अब कानूनी कार्रवाई की बात भी सामने आने लगी है। जानकारी के अनुसार मेडिकल मार्केट में हेमंत साहनी उर्फ बॉबी की दवा की दुकान है। उनकी दुकान के बराबर में स्थित एक संकरी गैलरी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हेमंत साहनी का कहना है कि संबंधित गैलरी का आधा हिस्सा उनके नाम बैनामे में दर्ज है, जबकि



शेष आधा हिस्सा एक अन्य दुक.ानदार के नाम है, जिसकी दुकान कई वर्षों से बंद पड़ी हुई है। हेमंत साहनी ने आरोप लगाया कि उक्त गैलरी को वह सामान्य रूप से खुला रखते थे, लेकिन कुछ लोगों द्वारा शाम के समय वहां बैठकर शराब का सेवन किया जाने लगा। उन्होंने कई बार इसका विरोध किया और संबंधित लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसको लेकर पहले भी विवाद की स्थिति बनी थी, जिसे उस समय मार्केट के अन्य व्यापारियों ने हस्तक्षेप कर शांत करा दिया था। इसके बावजूद, हेमंत का आरोप है कि गैलरी में शराब पीने की गतिविधियां दोबारा शुरू हो गईं। उनका कहना है कि मेडिकल मार्केट में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे दवाई लेने के लिए आते हैं, ऐसे में इस प्रकार की गतिविधियां गलत माहौल पैदा करती हैं और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। इसी के चलते उन्होंने गैलरी को बंद करने का निर्णय लिया। हेमंत साहनी का आरोप है कि अब कुछ लोग उन पर गैलरी को दोबारा खोलने का दबाव बना रहे है। वहीं, वायरल वीडियो के सामने आने के बाद मार्केट में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। व्यापारियों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर अलग-अलग राय सामने आ रही हैं। फिलहाल मामला आपसी सहमति से सुलझता नजर नहीं आ रहा है और स्थिति पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# मई दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का हुआ आयोजन

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA मई दिवस पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

सीडीओ द्वारा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचा.



लित योजनाओं से लाभान्वित श्रमिकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

उन्होंने सभी श्रमिकों को मई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए निर्माण एवं विकास कार्यों में श्रमिकों का योगदान अहम है। उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल द्वारा श्रमिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। श्रमिकों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधि अंकित बंसल ने मई दिवस की शुभकामनाएं देते हुए श्रमिकों से कहा कि वे श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ लेने हेतु अपना पंजीकरण अवश्य कराएं।

## एसएसपी ने फीता काटकर किया जैत थाने के नवनिर्मित स्वरूप का लोकार्पण

’kkg VkbEl loknnkrk

pkegkA वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने शुक्रवार को थाना जैत के नवनिर्मित और सौंदर्यीकरण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान एसएसपी, एसपी सिटी, सीओ सदर और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नवनिर्मित कक्षों का लोकार्पण किया।

थाना प्रभारी उमेश चंद्र त्रिपाठी के विशेष प्रयासों से थाने की सूरत बदली गई है, जिसकी उच्चाधिकारियों ने जमकर सराहना की। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने हवालात, जीडी कार्यालय और मीटिंग रूम के सौंदर्यीकरण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। इससे पूर्व, थाना प्रभारी द्वारा मिशन शक्ति कक्ष, हनुमान मंदिर निर्माण और मुख्य कार्यालय का भी कायाकल्प कराया जा चुका है। अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतर वातावरण के साथ अब यह थाना पुलिसकर्मियों के साथ-साथ फरियादियों के लिए भी काफी सुविधाजनक नजर आ रहा है। इस अवसर पर एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सदर पीपी सिंह और सीओ सिटी आशना चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# पति ने पत्नी की गला रेत कर की हत्या

■ पुलिस ने चार घंटे में किया घटना का खुलासा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला की गर्दन काटकर हत्या कर दी गई है। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के मजीद नगर गली नंबर तीन में शुक्रवार सुबह कौसर पत्नी साकिब उम्र 26 साल की गर्दन कटी लाश घर के अंदर पड़ी मिली। उस वक्त लाश को घर में देखा गया जब कौसर का पति घर पर नहीं था वो एक घंटा पहले ही ईरिक्शा लेकर मंडी में अपने काम पर निकला था। कमरे में पत्नी कौसर उसकी तीन छोटी बेटियां बड़ी बेटी सानिया 6 वर्ष, दूसरी बेटी 4 वर्ष, और तीसरी बेटी 2 वर्ष सोई हुई थीं। घटना शुक्रवार सुबह 7:30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। सबसे पहले मकान मालिक इसरार की पत्नी ने महिला के शव को देखा। इसके बाद उसने अपने पति इसरार को इसकी जानकारी दी। इसरार ने महिला के पति साकिब, पुलिस और पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर थाना लिसाड़ी गेट पुलिस पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई। मकान मालिक इसरार उर्फ सोनू ने बताया कि सुबह समय करीब 8 बजे के आसपास किरायेदार साकिब के बच्चे नीचे हमारे पास आए। उसके बच्चों ने मेरी पत्नी से कहा कि हमारे अब्बू को कॉल कर दो। तो पत्नी ने मुझसे कहा कि साकिब को कॉल कर दो। बच्चे छोटे हैं उन्होंने ये कहा कि बस अब्बू को कॉल कर दो, लेकिन ये नहीं बताया कि क्यों फोन कर दो। तब हमने साकिब को अपने मोबाइल से कॉल कर दिया। साकिब का नंबर मिलाकर हमने उसके बच्चों को फोन दे दिया। उसके बच्चे फोन लेकर ऊपर चले गए। बच्चे साकिब से बात करते हुए अचानक जोर-जोर से रोने लगे। तब हमें लगा पता नहीं क्या हो गया। तब मैंने अपनी पत्नी से कहा कि जा ऊपर जाकर देखकर आ कि बच्चे क्यों रो रहे हैं। जब मेरी पत्नी ऊपर मकान में बच्चों को देखने गई तो वो भौंचक रह गई। मेरी पत्नी जोर से चिल्लाई उसकी चीख सुनकर मैं भी ऊपर मकान में गया देखा तो वहां कौसर का शव बेड के नीचे जमीन पर पड़ी थी। पूरे कमरे में खून था। उसकी गर्दन कटी थी। तब मैंने अपनी पत्नी से कहा कि इसे छू मत न छेड़ ये पुलिस केस हो चुका है। पुलिस को बुलाना पड़ेगा। तब हमने साकिब को बताया, पुलिस को बुलाया और पड़ोसियों को बताया। इसरार ने कहा कि ये सब कैसे हुआ किसने किया हमें नहीं पता। क्योंकि हम नीचे अपने मकान में अंदर सो रहे थे, हमने न तो कोई आवाज सुनी न भगदड़ और चीखपुकार सुनी। अगर शोर होता तो उसी समय हम कुछ करते लेकिन कोई शोर नहीं हुआ। एक घंटा पहले ही घर से निकला था पति साकिब मृतका कौसर के पति साकिब के अनुसार मजीद नगर गली नंबर 3 में साकिब पुत्र कदीर सोनू के दो मंजिला मकान में किराए पर रहता है। साकिब अपने परिवार के साथ मकान की दूसरी मंजिल पर रहता है। घर में साकिब के साथ पत्नी कौसर और 3 बेटियां हैं। बताया जा रहा है कि पति साकिब सुबह रिक्शा चलाने निकला था। साकिब के जाने के थोड़ी देर बाद ही उसे मकान मालिक सोनू ने कॉल करके बताया कि तेरी पत्नी की हत्या हो गई है। पत्नी का शव घर में अंदर कमरे में बेड के नीचे पड़ी है। उसकी गर्दन कटी हुई है। पूरा कमरा खून से लहुलूहान हो रहा है। इसके बाद साकिब अपने घर रिक्शा लेकर तुरंत आया। देखा तो घर में भीड़ लगी थी। अंदर कमरे मे पत्नी की लाश पड़ी थी। साकिब ने बताया कि वो तो पत्नी, बेटियों को कमरे में सोता छोड़कर गया था। लौटा तो पत्नी की लाश मिली है। अचानक पत्नी की लाश देखकर साकिब भी आपा खो बैठा और दिल पर हाथ रखकर बैठ गया। मृतका कौसर की उम्र 26 साल थी। वो मूल रूप से लोनी की रहने वाली थी। लगभग 7 साल पहले कौसर और साकिब की शादी हुई थी। हत्या की सूचना पर पड़ोसियों की भी भीड़ मकान में लग गई। देखा तो कमरे से लेकर बाहर आंगन, छत तक खून के छींटे पड़े थे। पूरे कमरे में खून था। पति साकिब ने बताया कि बड़ी बेटी सानिया, दूसरे नंबर की कुलसुमिनार और तीसरी भी एक छोटी बेटी है। साकिब की एक बेटी ने बताया कि काले रंग के कपड़ों में एक चोर हमारे कमरे में आया था। अब्बू घर पर नहीं थे वो चोर पत्थर से सीढ़ी लगाकर घर मे आया। अम्मी को पकड़ा और मारकर चला गया। उस वक्त दो और बहनें सो रही थीं।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू (आजाद) का जोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (आजाद) ने शुक्रवार को ऊर्जा भवन पर जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में किसानों और आम लोगों ने घेराव कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने स्मार्ट मीटरों पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि 7 दिन के भीतर मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर लोग मीटर उतारकर बिजलीघरों में जमा करेंगे। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर शादाब चौधरी ने इसे युवाओं के रोजगार पर हमला बताया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष सुशांत राठी ने बिना नोटिस बिजली कटौती को कानून का उल्लंघन बताया। प्रदर्शन में विभिन्न किसान संगठनों ने समर्थन जताया। मुख्य मांगों में स्मार्ट मीटर पर रोक, पुराने सिस्टम की बहाली और मीटर रीडरों के रोजगार की सुरक्षा शामिल रही।

## संपत्ति के विवाद में किया हमला, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कलयुग की दुनिया में न जाने कौन कब कहां किस तरह से अपना रंग दिखा दे। पैसा और प्रॉपर्टी ही एक ऐसी चीज है जो आदमी को ज्यादा होने की वजह से दुश्मन बना देती है। सुभारती बाईपास स्थित चाय की दुकान चलाने वाले टीपी नगर के रहने वाले राजेंद्र पर दो व्यक्तियों ने कैंची से हमला कर दिया। राजेंद्र ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हमलावर फरार हो गए थे। वहीं पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ जानी थाने में तहरीर देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया जिसकी विवेचना उप निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह विपिन नेगी कर रहे थे। शुक्रवार को दोनों व्यक्तियों को पुलिस ने बाईपास स्थित चाय की दुकान से दबोच लिया। आरोपियों की पहचान नवीन कुमार पुत्र सुरेश कुमार, सनी पुत्र विनोद निवासी टीपी नगर के रूप में हुई। पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से एक कैंची भी बरामद हुई। जब पुलिस ने उनसे पूछा तो उन्होंने कहा कि संपत्ति बंटवारे को लेकर उन्होंने राजेंद्र पर हमला किया था। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर दिया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सुभारती विवि में गूंजा विश्व शांति का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, मेरठ के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधि उपवन में एक भव्य एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान गौतम बुद्ध के जीवन, उपदेशों एवं उनके सार्वभौमिक संदेशों शांति, करुणा, अहिंसा और मानवता को जनमानस तक पहुंचाने का प्रेरणादायी माध्यम बना।

समारोह का शुभारंभ 'विश्व शांति एवं सद्भाव' के संदेश के साथ निकाली गई विशाल शोभायात्रा से हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में निकाली गई इस भव्य शोभायात्रा में भारत, म्यांमार, वियतनाम, नीदरलैंड सहित विभिन्न देशों से पधारे भिक्षु एवं भिक्षुणियों ने सहभागिता करते हुए विश्व शांति, वैश्विक सौहार्द और मानव कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना की। शोभायात्रा ने परिसर को आध्यात्मिकता, अनुशासन एवं वैश्विक एकता के वातावरण से सराबोर कर दिया। मुख्य धार्मिक अनुष्ठान विश्वविद्यालय में स्थित ऐतिहासिक बोधि वृक्ष के नीचे सम्पन्न हुआ, जहां भिक्षु संघ तथा विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज, कुलपति प्रो. (डॉ.) पी.के. शर्मा, मुख्य आयोजक एवं सलाहकार डॉ. हीरो हितो तथा विभागाध्यक्ष भंते डॉ. चंद्रकीर्ती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात भगवान बुद्ध के उपदेशों एवं त्रिपिटक के मंगलमय श्लोकों का वाचन किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन में बोलते हुए विवि की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने कहा कि भगवान बुद्ध का शांति, सहिष्णुता और करुणा का संदेश आज के अशांत एवं तनावपूर्ण वैश्विक परिवेश में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय भारतीय संस्कृति, बौद्ध विरासत एवं आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन हमें प्रेम, करुणा, मैत्री, सद्भाव और समरसता के भाव को आत्मसात करने एवं जीवन पथ पर इसे अपनाने को बतलाता है जो कि वर्तमान वैश्विक परिवेश को बदलने के लिए नितांत आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक डॉ. हीरो हितो ने सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के नव उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि उनका दीक्षांत समारोह इसी वर्ष 26 अप्रैल को सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे भगवान बुद्ध के आदर्शों, करुणा, अनुशासन और ज्ञान के मार्ग को अपने जीवन में अपनाएं तथा समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनें।

बोधि उपवन के प्रभारी राजकुमार सागर ने बुद्ध पूर्णिमा के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व मानवता को सत्य, शांति और आत्मबोध की दिशा में अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला संदेश है। कार्यक्रम की सफलता में विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्यों एवं सहयोगी टीम का विशेष योगदान रहा। इसमें विभाग के शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सुचारू संचालन, अनुशासन, स्वागत व्यवस्था एवं समन्वय में सराहनीय योगदान दिया। इस अवसर पर डॉ. विवेक कुमार, डॉ. अनंत, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ. पल्लवी मुखर्जी, डॉ. राजेश राय, डॉ. शरणपाल सिंह तथा डॉ. श्रीधा झा सहित समस्त संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आयोजन को सफल एवं प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## शराब माफियाओं के खिलाफ चलाया अभियान, कच्ची शराब व 3800 लीटर लाहन किया नष्ट

■ एसएसपी के आदेश पर परीक्षितगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के आदेशानुसार अवैध शराब बनाने वाले अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थानाध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही व आसिफाबाद चौकी इंचार्ज रजनीकांत के नेतृत्व में खादर क्षेत्र के गंगा नदी किनारे अवैध कच्ची शराब बनाने की सूचना पर थाना पुलिस ने दबिश दी। इस दौरान शराब माफिया पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। मौके पर कच्ची शराब तथा लगभग 3800 लीटर लाहन नष्ट करते हुए भट्टियां नष्ट की गईं। वहीं शराब माफिया पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। थाना अध्यक्ष सुधीश सिंह सिरोही ने कहा कि जो लोग शराब बेचने या बनाने का काम करेगा उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस फोर्स की मौजूदगी में एजाज को किया सुपुर्द-ए-खाक

■ बेची गई जमीन के रुपयों को लेकर हुआ था विवाद

■ आरोपी ने गुरुवार देर शाम तीन गोली मारकर की थी हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार की रात को जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलड़ी में एजाज (72 वर्ष) पुत्र रहमान को उसके बेटे रियाज ने तीन गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। बताया जा रहा है जो जमीन बेची गई उसका 54 लाख रुपए में सौदा हुआ था। इसी बात को लेकर लंबे समय से विवाद चला रहा। गुरुवार की रात को जब ऐजाज अपने बेटे महराज के घर पर था तभी रियाज एजाज के पास पहुंचा और तीन गोलियां मार कर फरार हो गया। जहां मौके पर ही ऐजाज की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर पहुंचे एसपी देहात अभिजीत कुमार, सीओ सरधना आशुतोष कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने जांच पड़ताल की और मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों की तहरीर पर रियाज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद जैसे ही पोस्टमार्टम होने के बाद एजाज का शव गांव में पहुंचा तो भीड़ इकट्ठी हो गई। पुलिस प्रशासन ने पहले ही सुरक्षा के इंतजाम कर भारी पुलिस फोर्स बुलाया लिया था। फोर्स की कमान सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार और सुभारती चौकी इंचार्ज विपिन नेगी ने संभाली। देर शाम एजाज को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। दूसरी ओर रियाज को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है। पुलिस ने कई जगह की सीसीटीवी अपने कब्जे में लिए वहीं पूरे दिन गांव में एजाज के बारे में चर्चा रही क्योंकि एजाज भले और अच्छे व्यक्ति थे। पूरे दिन गांव में इसी तरह की चर्चा रही। उधर क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपी को पकड़ा जाएगा। पुलिस टीम गंभीरता से काम कर रही है।

## रणबीर दहिया के बेटे की सगाई समारोह में पहुंचे सर्व समाज के लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** गुरुवार को राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता रणबीर दहिया के बेटे संदीप की सगाई बाईपास स्थित सुभारती दा सफायर ग्रैंड होटल में की गई। जहां तमाम दल के नेता और राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान सिवाल खास विधानसभा के सर्व समाज के लोग सगाई समारोह में पहुंचे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। रणवीर सिंह दहिया ने सभी लोगों का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेताओं का आना-जाना रहा और अन्य पार्टी के नेताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर सपा के नेता सम्राट मलिक, योगेंद्र कुसेड़ी, योगेंद्र एडवोकेट, सुनील रोहटा, संजय रसूल, लोकदल के वरिष्ठ नेता विशाल बाफर, नरेंद्र खजूरी, संजय चौधरी, सिवाल खास के सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

## सत्य और निष्पक्ष पत्राकारिता करना ही सच्ची पत्राकारिता: डॉ. ऋतेष

■ सुभारती पत्रकारिता विभाग में आयोजित हुआ पुरा-छात्र सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पुरा-छात्र सम्मेलन का आयोजन विभागीय पुरा-छात्र प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस आयोजन में विभाग से पीएचडी एवं परास्नातक तथा स्नातक की उपाधि प्राप्त कर चुके पूर्व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश शंकर विद्यार्थी व स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई।

कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय संबोधन में बोलते हुए विभागाध्यक्ष प्रो.(डॉ.) ऋतेष चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता की डिग्री लेकर और हाथ में माइक तथा कैमरा लेकर चलना ही पत्रकारिता नहीं है। पत्रकारिता का वास्तविक अर्थ है कि समाज के शोषित, वंचित तथा पीड़ित वर्ग की आवाज को सरकार तक तथा सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को जनता तक सही और सटीक तरीके से पहुंचाया जाए। आज जब चारों ओर सोशल मीडिया एवं इंटरनेट पर लोग पत्रकारिता का सही प्रशिक्षण लिए बिना ही अपने अपने डिजिटल चौनल खोलकर स्वयं को पत्रकार कह रहे हैं और अधिकांशत: भ्रामक जानकारियां परोस रहे हैं ऐसे में इस क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं से समाज की उम्मीद बढ़ जाती है। अत: सत्यता और निष्पक्षता एवं निर्भिकता के साथ वास्तविकता को सामने लाना ही सच्ची पत्रकारिता कहलाता है। हमें गर्व है कि सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के पूर्व-छात्र जो विभिन्न मीडिया संस्थानों में आज अपनी सेवाएं दे रहे हैं वे यहां पर सिखाई गई बातें जिनमें शिक्षा, सेवा, संस्कार तथा राष्ट्रीयता का भाव प्रमुख हैं को आज भी आत्मसात किए हैं और अपनी ईमानदार पत्रकारिता से संस्थान तथा अपने परिवार एवं अपना नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। इस अवसर पर बोलते हुए संस्थान से पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले तथा नोएडा के प्रसिद्ध मीडिया संस्थान से जुड़े हुए डॉ. विशाल सहाय ने कहा कि वे जीवन भर सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के ऋणी रहेंगे क्योंकि यहां आने के बाद शोध के दौरान जो उच्च स्तरीय सुविधाएं एवं मार्गदर्शन तथा जीवन का एक नया नजरिया उन्हें मिला है वह उसे कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी शिक्षक तथा स्टाफ एवं विवि प्रशासन हमेशा छात्र हितों को ही सर्वोपरि रखता है और जब भी जहां भी छात्रों को कोई भी जरूरत होती है यहां के शिक्षक छात्रों के साथ में खड़े मिलते हैं। वहीं डॉ. हर्ष तोमर जो राजस्थान में कार्यरत हैं का कहना था कि सुभारती विश्वविद्यालय का पत्रकारिता विभाग में शोध एवं शिक्षण के लिए बेहतरीन अवसर एवं सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस दौरान भारतीय सेना में कर्नल तथा विभाग से गत वर्ष ही एमजेएमसी की पढ़ाई पूरी करने वाले नीलोत्पल त्यागी का कहना था कि एक लंबे अरसे के बाद दोबारा पढ़ाई करना उनके लिए बहुत कठिन प्रतीत हो रहा था किंतु पत्रकारिता विभाग के शिक्षकों ने उनको इस कोर्स को सुगमता से पूरा करने में जो सहयोग किया है इसके लिए वे आजीवन सभी शिक्षकों के ऋणी रहेंगे। इस कार्यक्रम का संयोजन विभाग के पुरा-छात्र प्रकोष्ठ के प्रभारी तथा विश्वविद्यालय के पुरा-छात्र न्यास के सदस्य राम प्रकाश तिवारी के द्वारा किया गया। इस दौरान विभाग के शिक्षक प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. संतोष के. गौतम, डॉ. आशुतोष वर्मा, डॉ. प्रीति सिंह, तरुण जैन एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों हर्षित, कपिल, संजय, विजेंद्र, कुलदीप आदि पुरा-छात्रों के साथ उपस्थित रहे।

